JANSATTA

Date: 12 February 10; Page No.: 03; Edition: Kolkatta

# अब सिनेमाघरों गृहों में आईपीएल-2010 का सीधा प्रसारण करेगी यूएफओ मूवीज

कोलकाता, 11 फरवरी (जनसत्ता)। विश्व की अग्रणी डिजिटल सैटेलाइट सिनेमा नेटवर्क यूएफओ मूवीज ने तय किया है कि वह 12 मार्च से कोलकाता समेत देश भर के सिनेमा गृहों में डीएलएफ आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैचों का सीधा प्रसारण करेगी।

इसके लिए कंपनी ने कोलकाता समेत देश के सिनेमल्टीप्लेक्स के मालिकों से करार किया है। कोलकाता ही नहीं, उपनगरीय इलाकों बारासात, बालूरघाट, अलीपुरदुआर, जलपाईगुड़ी समेत कई इलाकों के सिने-गृहों में आईपीएल मैच दिखाए जाएंगे। यह जानकारी आज एक प्रेस कांफ्रेंस में यूएफओ मूवीज इंडिया लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक कपिल अग्रवाल ने पत्रकारों को दी।

कपिल ने बताया कि इसके लिए कंपनी ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। भारत में यह अपनी तरह का अनूठा अनुभव होगा। उन्होंने बताया कि सिनेमैक्स, आइनोक्स, फेम और पीवीआर ने आईपीएल मैच दिखाने के लिए अपनी सहमित दे दी है।

उन्होंने कहा कि अभी तक 650 से ज्यादा सिनेमाघरों के मालिकों से इसके लिए अनुबंध हुआ है। इसमें दो सौ मल्टीप्लेक्स हैं। उन्होंने कहा कि टायर टू और थ्री शहरों में भी हम आईपीएल टी-20 मैचों को दिखाएंगे। इसके लिए बेहतर क्वालिटी वाले पर्दे लगाए जाएंगे।